पी0 एन0 जी0, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर, नैनीताल (उत्तराखण्ड)

# अभ्युदय

► अंक-02 दिसम्बर 2023 ► ई-बुलेटिन ► अक्टूबर-दिसम्बर 2023 ► अवधि- त्रैमासिक

## प्राचार्य की कलम से....



प्रो. (डॉ.) एम. सी. पाण्डे

अभ्युदय का यह अंक अपने नवल कलेवर और सुरूचिपूर्ण सज्जा के साथ आपके सम्मुख है। महाविद्यालय परिवार को अपने सभी हितधारकों की उपलब्धियों से परिचित कराने तथा उनमें सकारात्मक ऊर्जा के संचरण हेतु यह प्रयास निश्चय ही स्वागतयोग्य है। प्राध्यापकों की अकादमिक उपलब्धियों के साथ ही विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर प्राप्त सफलता ने महाविद्यालय को एक आदर्श शिक्षण संस्था बनाने की दिशा में अग्रसर किया है। क्रीड़ा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय, उत्तर क्षेत्र तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन, एन.सी.सी. व एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों, कैडेट्स व अधिकारियों के सम्मान, रोजगारपरक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को उद्यमिता से जोड़ने के प्रयासों ने महाविद्यालय की सर्वतोन्मुखी सफलता की कहानी को सुनहरे आकाश पर लिख दिया है। ढाँचागत सुविधाओं के विकास की दृष्टि से वाणिज्य भवन के निर्माण की स्वीकृति महत्वपूर्ण है। इससे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप महाविद्यालय विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। हमारे साझा प्रयास न केवल महाविद्यालय वरन् सम्पूर्ण रामनगर क्षेत्र के अकादमिक, सामाजिक तथा आर्थिक विकास का आधार बनेंगे, ऐसी आशा है।

पी0 एन0 जी0, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर, नैनीताल (उत्तराखण्ड)

# अभ्युदय

► अंक-02 दिसम्बर 2023 ► ई-बुलेटिन ► अक्टूबर-दिसम्बर 2023 ► अवधि- त्रैमासिक

## विकास के नए आयाम हासिल करता हुआ महाविद्यालय

- महाविद्यालय को शासन से नवीन वाणिज्य भवन के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई।
- शासन द्वारा वाणिज्य संकाय के लिए उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन निगम को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया। रु. 6.63 करोड की डी0पी0आर0 वित्तीय स्वीकृति के लिए शासन को भेजी गई।
- पी0एम0-ऊषा के अन्तर्गत एम0एच0आर0डी0 को रु. 5 करोड का प्रस्ताव प्रेषित किया गया।
- महाविद्यालय में रूसा प्रथम चरण के अन्तर्गत 5 किलोवाट का ऑफ ग्रिड सोलर प्लॉट पी0जी0 भवन में स्थापित किया गया।
- रूसा प्रथम चरण के अन्तर्गत ही महाविद्यालय में ओपन एयर थियेटर का निर्माण कराया जा रहा है।
- रामनगर विधायक माननीय श्री दीवान सिंह बिष्ट जी द्वारा महाविद्यालय में स्टॉफ हेतु कार पार्किंग स्थल का निर्माण कराया गया।




# राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित करते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थी



महाविद्यालय की बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कु0 नीलम भारद्वाज का चयन बी0सी0सी0आई0 द्वारा दिनांक 19 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2023 तक आयोजित सीनियर महिला टी-20 ट्राफी के लिए उत्तराखण्ड महिला क्रिकेट टीम के लिए हुआ।



37वें राष्ट्रीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड की मिनी गोल्फ टीम के सदस्य के रूप में एम0ए0 योग तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कु0 खुशी शर्मा का चयन हुआ।



महाविद्यालय की एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कु0 नीलम मनराल का चयन 70वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैम्पियनशिप हेतु राज्य की महिला कबड्डी टीम के लिए हुआ।



महाविद्यालय के 79 उत्तराखण्ड बटालियन एन0सी0सी0 नैनीताल इकाई की अंडर ऑफिसर कु0 श्रेया रावत, बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर ने थल सैनिक शिविर-2023 में उत्तराखण्ड निदेशालय की ओर से डीजी एनसीसी नई दिल्ली में आयोजित शूटिंग स्पोटर्स चैम्पियनशिप हेतु प्रतिभाग किया।

# अन्तर्महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती महाविद्यालय की टीमें

- दिनांक 16 अक्टूबर 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रूद्रपुर में आयोजित को कु0वि0वि0 अन्तर्महाविद्यालय बॉक्सिंग (पुरूष) प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम विजेता रही।
- दिनांक 19-20 अक्टूबर 2023 को इन्दिरा प्रियदर्शनी राजकीय महिला वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हल्द्वानी में आयोजित कु0वि0वि0 अन्तर्महाविद्यालय खो-खो (महिला) प्रतियोगिता में विजेता रहीं।
- दिनांक 22-23 अक्टूबर 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हल्दूचौड में कु0वि0वि0 अन्तर्महाविद्यालय वॉलीबाल (महिला) प्रतियोगिता में उपविजेता रहीं।
- दिनांक 12-13 नवम्बर 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रूद्रपुर में आयोजित कु0वि0वि0 अन्तर्महाविद्यालय एथलेटिक्स (महिला) प्रतियोगिता में उपविजेता रहीं।
- दिनांक 20-21 अक्टूबर 2023 को डी0एस0बी0 परिसर नैनीताल द्वारा आयोजित कु0वि0वि0 अन्तर्महाविद्यालय फुटबाल (पुरूष) प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम उपविजेता बनी।
- महाविद्यालय द्वारा कु0वि0वि0 अन्तर्महाविद्यालय वॉलीबाल पुरूष का आयोजन 25-26 नवम्बर 2023 को किया गया जिसमें 08 महाविद्यालयों के कुल 78 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया।
- फाइनल मैच में रामनगर की टीम अपनी प्रतिद्वंदी टीम को सीधे दो सेटों में एकतरफा हराकर विजेता बनी।



एथलेटिक्स महिला उपविजेता टीम



खो–खो विजेता टीम



वॉलीबाल विजेता टीम



खो–खो पुरूष उपविजेता टीम

# महाविद्यालय के प्राध्यापकों के पुरस्कार एवं प्रकाशित अकादमिक कार्य

- **प्रो0 जगमोहन सिंह नेगी,** रसायन विज्ञान विभाग के प्राध्यापक को देवभूमि शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार सत्र 2022-23 में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने और नवाचार एवं अकादमिक एवं शोध में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदान किया गया।
- 24 यूके एन0सी0सी0 बटालियन इकाई की एसोसिएट ऑफिसर **लेफ्टिनेंट (डॉ0) कृष्णा भारती,** असि0 प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग को एन0सी0सी0 अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया।
- **डॉ0 सुभाष चन्द्र,** असि0 प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान विभाग के 03 शोध पत्र स्प्रिंगर जर्नल Environ Geochem Health (2023) और Journal of Radioanalytical and Nuclear Chemistry में प्रकाशित हुए।
- **डॉ0 योगेश चन्द्र,** असि0 प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग तथा डा0 निवेदिता अवस्थी, असि0 प्रोफेसर गृह विज्ञान विभाग का यू0जी0सी0 केयर जर्नल भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका में शोध पत्र प्रकाशित हुआ।




प्रो0 जगमोहन सिंह नेगी माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी से पुरस्कार प्राप्त करते हुए




लेफि0 डॉ0 कृष्णा भारती सम्मान ग्रहण करते हुए

# महाविद्यालय में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

## 1. स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम

- महाविद्यालय में महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम की नंदी फाउंडेशन की ओर से छः दिवसीय स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम दिनांक 12 अक्टूबर 2023 से 18 अक्टूबर 2023 तक कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 सुभाष चन्द्र के निर्देशन में आयोजित किया गया।
- ट्रेनर कीर्ति रेखाड़ी ने छात्रों को व्यक्तित्व विकास, टाइम मैनेजमेंट, समूह चर्चा, साक्षात्कार, सॉफ्ट स्किल, ई-मेल राइटिंग, ऑफिशियल कम्युनिकेशन आदि विषय पर ट्रेनिंग दी।

## 2. बूट कैम्प

- उच्च शिक्षा विभाग एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के सहयोग से महाविद्यालय में स्थापित देवभूमि उद्यमिता विकास केन्द्र के तत्वाधान में दो दिवसीय बूट कैम्प दिनांक 28-29 दिसम्बर 2023 को डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी के निर्देशन में आयोजित किया गया।
- इस कैम्प में 200 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा पंजीकरण कराया गया जिन्हें विभिन्न स्वरोजगार के तरीके तथा मौजूदा संसाधनों से नए उद्यम की स्थापना के सन्दर्भ में प्रशिक्षण दिया गया तथा विद्यार्थियों के साथ प्रशिक्षकों ने विचार विमर्श किया।
- इंडस्ट्री एक्सपर्ट एण्ड फैकल्टी मेन्टर श्री दीपक चौहान तथा रिसोर्स पर्सन डॉ0 किरन पंत ने स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं तथा कार्यप्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान दिया।




छः दिवसीय स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम



देवभूमि उद्यमिता केन्द्र द्वारा आयोजित बूट कैम्प



देवभूमि उद्यमिता केन्द्र द्वारा आयोजित बूट कैम्प

# गुरू दिवस व्याख्यानमाला बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में स्थापित होता हुआ

- प्रत्येक माह के द्वितीय तथा चतुर्थ गुरूवार को आयोजित द्वितीय श्रृखला गुरू दिवस व्याख्यान माला के अन्तर्गत विभिन्न विभागों ने प्रबुद्ध प्रोफेसरों के व्याख्यान आयोजित कराए।
- यह व्याख्यान कैरियर काउसलिंग प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित कराए गए।

| विभाग | आयोजन तिथि | मुख्य वक्ता | शीर्षक | |
|---|---|---|---|---|
| भूगोल विभाग | 23.11.2023 | डॉ गणेश कुमार पाठक, सेवानिवृत्त प्राचार्य, अमरनाथ मिश्रा पी0जी0 कालेज, दुबे छपरा बलिया, उ0प्र0 | Concept of Environmental Consciousness in Indian Culture |  |
| अंग्रेजी विभाग | 09.11.2023 | प्रो0 अर्चना त्यागी, अंग्रेजी विभाग, बी0एस0एम0पी0जी0 कालेज, रूड़की | How to Write and Speak Simple and Powerful English |  |
| समाजशास्त्र विभाग | 19.10.2023 | प्रो0 भगवान सिंह बिष्ट समाजशास्त्र विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल | A Sociological Perspective of Environment, Tourism and Social Harmony in Utharakhand |  |
| मनोविज्ञान विभाग | 07.12.2023 | प्रो0 आर0एस0 गिरी राजकीय मॉडल डिग्री कालेज , राजा नगर, स्वार, रामपुर | Mental Health of Women in Current Scenario |  |

# एन0सी0सी0 और एन0एस0एस0 की डायरी से

- राष्ट्रीय एकता दिवस पर 79 यूके बटालियन इकाई के कैडेटों ने एकता दौड़ में प्रतिभाग किया।
- 79 एवं 24 यूके एन0सी0सी0 बटालियन इकाइयों के कैडेटों ने खादी महोत्सव पर रामनगर शहर की जनता को खादी के उपयोग हेतु जागरूक किया तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 एम0सी0 पाण्डे ने वोकल फॉर लोकल तथा खादी के प्रचार प्रसार पर प्राध्यापकों और कैडटों से संवाद किया।
- पुनीत सागर अभियान के तहत दिनांक 26 नवम्बर 2023 को 79 यूके बटालियन इकाई के कैडेटों ने कोसी बैराज में स्वच्छता अभियान चलाते हुए नदी से 30 किलो कूड़े का निस्तारण किया।
- राष्ट्रीय सेवा योजना ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा स्लोगन तथा पोस्टर के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया।
- 79 यूके एन0सी0सी0 बटालियन इकाइयों द्वारा 07 दिसम्बर 2023 को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में कार्यरत भारतीय सेना से सेवानिवृत्त ऑर्टिलरी हवलदार श्री मोहन सिंह नेगी, गढवाल राइफल्स के सतेन्द्र सिंह बिष्ट, कुमाऊँ रेजीमेन्ट के ज्वाला दत्त उनियाल एवं सिपाही मदन भारती को सम्मानित किया गया।
- दिनांक 08 दिसम्बर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना, एन0सी0सी0, रोवर रेंजर्स ने एच0डी0एफ0सी0 बैंक के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 21 यूनिट रक्तदान किया गया।
- 79 एवं 24 यूके एन0सी0सी0 बटालियन इकाइयों के कैडेटों ने दिनांक 16 दिसम्बर 2023 को विजय दिवस पर 1971 के युद्ध में शहीद वीर सपूतों को श्रृद्धाजंली अर्पित की। इस अवसर पर कैडटों द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गयी।




पुनीत सागर अभियान




खादी महोत्सव



एकता दिवस पर आयोजित एकता दौड़




रक्तदान शिविर




सशस्त्र सेना झंडा दिवस

## महाविद्यालय में विभिन्न सुविधाओं का शुभारम्भ

- **बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन** रामनगर शहरवासियों के लिए दिनांक 16 दिसम्बर 2023 से खोला गया।
- जिसका शुभारम्भ अंडर-17 तथा ओपन वर्ग बैडमिटंन प्रतियोगिता-2023 के आगाज के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) एम0 सी0 पाण्डे द्वारा किया गया।
- **बहुउद्देशीय भवन** के संचालन हेतु प्रबंधन बोर्ड का गठन किया गया।
- यह भवन नियमों एवं विनियमों के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क के साथ संचालित किया जायेगा।
- महाविद्यालय में **रिकार्डिंग स्टूडियो** का शुंभारम्भ किया गया। प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में यह प्रथम महाविद्यालय है जहाँ रिकार्डिंग स्टूडियो की स्थापना हुई है।
- रिकार्डिंग स्टूडियों के निर्माण से महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा संगीत विभाग के विद्यार्थी लाभान्वित होगें।

## विभागों द्वारा महाविद्यालय में व्याख्यान आयोजित किए गए

1. ईको क्लब एवं एन0सी0सी0 के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 11 दिसम्बर 2023 को डॉ0 डी0 एन0 जोशी के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

   इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता नेचर साइंस इनशियेटर ग्रुप देहरादून के निदेशक डॉ0 रमन कुमार ने ''प्लास्टिक और हम'' विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

2. उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी द्वारा दिनांक 24 नवम्बर 2023 से 23 दिसम्बर 2023 तक प्रायोजित महाकवि कालीदास जयन्ती मास महोत्सव।

   नैनीताल जनपद ऑनलाइन संस्कृत अन्तर्जालीय व्याख्यान संगोष्ठी दिनांक 15 दिसम्बर 2023 को महाविद्यालय में आयोजित हुई। जिसके जनपद संयोजक संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 मूल चन्द्र शुक्ल रहे।

3. इतिहास विभाग द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जो डॉ0 शरद भट्ट के संयोजकत्व में आयोजित किया गया।

   इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रो0 (डॉ0) बी0 एम0 पाण्डे, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय तल्ला सल्ट (अल्मोड़ा) रहे। इतिहासविद् ने ''इतिहास, कैरियर और सफलता'' विषय पर अपना व्याख्यान दिया।



रिकार्डिंग स्टूडियों का शुभारम्भ



बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन का शुभारम्भ



बहुउद्दशीय भवन



इतिहास द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान




ईको क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान

# महाविद्यालय में आयोजित हुई पुरातन छात्र समिति की बैठक

- सत्र 2023-24 के लिए पूर्व छात्र परिषद की कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया।
- पूर्व छात्र परिषद की कार्यकारिणी समिति के द्वारा महाविद्यालय के विकास में हर संभव सहयोग दिया जायेगा।
- एल्युमनाई सदस्यता शुल्क का निर्धारण किया जायेगा।
- एल्युमनाई मीट का आयोजन किया जायेगा।
- एल्युमनाई अनुदान कोष का निर्माण किया जायेगा।
- एल्युमनाई एसोसिएशन का पंजीकरण किया जायेगा।



पूर्व छात्र परिषद गठन

# संपादक मण्डल

| | | |
|---|---|---|
| संरक्षक | - | प्रो0 (डॉ0) एम0 सी0 पाण्डे, प्राचार्य |
| सम्पादक | - | डॉ0 डी0 एन0 जोशी (असि0 प्रो0 भूगोल) |
| सदस्य | - | डॉ0 सुरेश चन्द्रा (असि0 प्रो0 हिन्दी) |
| | | डॉ0 दुर्गा तिवारी (गेस्ट फैकल्टी हिन्दी) |
| सलाहकार | - | डॉ0 योगेश चन्द्र, (असि0 प्रो0 समाजशास्त्र) |
| | | डॉ0 शंकर मण्डल (असि0 प्रो0 जन्तु विज्ञान) |
| | | डॉ0 दीपक खाती (असि0 प्रो0 वाणिज्य) |